'कश्मीर को खुली जेल में बदलने के बाद भी, बिपिन रावत का बयान कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि दमन जम्मू-कश्मीर की स्थिति से निपटने का एकमात्र तरीका है। —— महबूबा मुफ्ती, अध्यक्ष पीडीपी

हम अभी तक कोविड की स्थिति को हल्के में नहीं ले सकते हैं। कई शोधकर्ताओं के अनुसार, झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में कई ऐसे लोग हैं, जिनका अभी तक टीकाकरण नहीं हुआ है। —— सोनू सूद, अभिनेता

दिवाली के मद्देनजर राजधानी के सदर बाजार में उमड़ी भीड़। फोटो : प्रेट्र

सदर बाजार में ग्राहकों का इंतजार करता ड्राई फ्रूट्स व मसालों की दुकान पर बैठा दुकानदार। फोटो : प्रेट्र

पत्नी ने कराया पति का सरेंडर

नई दिल्ली (एसएनबी)। करवा चौथ के दिन पत्नी ने पति का सरेंडर करवाया। पति पर एक महिला की हत्या के आरोप थे। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस का कहना है कि 19 अक्टूबर को दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में मां-बेटी को गोली मारी गई थी। घटना में कैलाश नामक महिला की मौत हो गई थी। इस घटना में कैलाश की बेटी को भी चार गोली लगी, जो अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी राजीव गुलाटी ने एनकाउंटर के डर से सरेंडर किया है और अपनी पत्नी से 100 नंबर पर फोन करवाया। उसने बताया कि आरोपी अपने घर पर है और उसे सरेंडर करना है। इसके बाद ज्वाइंट सीपी अतुल कटियार के साथ गश्त कर रहे द्वारका डीसीपी शंकर चौधरी खुद आरोपी के घर पहुंचे। बाद में डीसीपी आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

शहीद पुलिसकर्मियों को किया याद

नई दिल्ली (एसएनबी)। चाणक्यपुरी स्थित नेशनल पुलिस मेमोरियल में रविवार को दिल्ली पुलिस की ओर से शहीदों की याद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहीद पुलिसकर्मियों को याद किया गया। इस मौके पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भी मौजूद रहे।

उन्होंने स्मारक सेवाएं समर्पित की। मंत्री ने शहीदों को याद करते हुए वीरता की दीवार पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पति की। वीरता की दीवार पर शहीद हुए पुलिस जवानों के नाम लिखे हुए है। इस दौरान मंत्री ने प्रतीकात्मक अमृत रन को हरी झंडी दिखाई। इसमें दिल्ली पुलिस के जवानों के अलावा अलग-अलग फोर्स के 75 जवानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना के अलावा सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व शहीद जवानों और सेवारत जवानों के परिजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को पुलिस की ओर से सलामी दी गई। पुलिस आयुक्त राकेश अस्थान ने स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दिल्ली पुलिस के बैड व महिला पाइप बैड ने देशभक्ति गानों की धुन बजाई। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अमृत रन कौटिल्य मार्ग, विनय मार्ग से होते हुए मेन सिक्योरिटी लाइन समाप्त हुई। इसमें दिल्ली पुलिस के अलावा अलग-अलग पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों के जवानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान ही शहीदों व पुलिस कर्मियों के परिवारों ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक का दौरा किया। वहां उनको पुलिसकर्मियों के वीरता को दर्शाती हुई एक लघु पिक्चर दिखाई गई। समारोह में कोविड के दौरान पुलिस के राहत कार्यो और महिला पुलिसिंग के तरीकों को भी दिखाया गया। गौरतलब है कि पुलिस स्मृति सप्ताह 22 से 30 अक्टूबर के बीच मनाया जा रहा है।

नेशनल पुलिस मेमोरियल में शहीद पुलिसकर्मियों की याद में कार्यक्रम का आयोजन

शिअद के दो नेता समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

नई दिल्ली।
(भाषा)।

शिरोमणि अकाली दल के दो नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ रविवार को यहां भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। पार्टी की दिल्ली इकाई के मीडिया प्रमुख नवीन कुमार ने यह जानकारी दी। कुमार ने कहा कि ये अकाली नेता भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष आदेश गुप्ता और सांसद गौतम गंभीर की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए।

शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेताओं -गुरमीत सिंह और मंजीत सिंह- का स्वागत करते हुए गुप्ता ने कहा कि भाजपा एक परिवार है एवं इसका सतत विस्तार हो रहा है, क्योंकि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार की कल्याणकारी नीतियों और कार्यक्रमों से प्रभावित होकर लोग इसमें शामिल हो रहे हैं। गम्भीर ने कहा कि युवाओं को केवल काम पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि आज पार्टी से जुड़े दोनों नेता एवं अन्य लोग भी शहर के विकास के लिए कार्य करेंगे।

लखीमपुर खीरी के शहीदों की 'कलश यात्रा' नागरिकों को कर रही प्रेरित : किसान मोर्चा

नई दिल्ली (भाषा)। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने दावा किया है कि लखीमपुर खीरी हिंसा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित की गई 'कलश यात्रा' हजारों नागरिकों को प्रेरित कर रही है, जो केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि तीन अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा के मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा का पुत्र आशीष मिश्रा इस समय जेल में है। इस घटना में चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी। तीन कृषि कानूनों को वापस लेने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसान संगठनों के साझा मंच एसकेएम की ओर से जारी बयान में कहा कि विभिन्न राज्यों और जिलों में कई 'शहीद किसान अस्थि कलश यात्राएं' चल रही हैं। बयान में कहा गया कि यात्रा में बड़ी संख्या में लोग लखीमपुर खीरी के पांच शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आगे आ रहे हैं। तमिलनाडु में यह यात्रा कल्लाकुरुचि जिले के उल्लुदुरपेट से गुजरी और पेराम्बलुर में दाखिल हुई।

एसकेएम के मुताबिक 26 अक्टूबर को वेदरानयम में बंगाल की खाड़ी में अस्थियों को विसर्जित करने से पहले यात्रा 22 जिलों से गुजरेगी। इसी तरह की यात्रा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, गोरखपुर और कुशीनगर जिलों से गुजरेगी। हरियाणा और उत्तराखंड के कई गांवों और टोल प्लाजा से भी यात्रा गुजरेगी। एसकेएम ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में शहीदों की अस्थियों का विसर्जन यमुना घाट पर पोंटा साहिब में किया जाएगा। पंजाब में यह यात्रा मालवा, माझा और दोआब से गुजर रही है।

देश की सांस्कृतिक व भाषाई धरोहर को बचाना जरूरी : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली।
(भाषा)

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने रविवार को देश की समृद्ध सांस्कृतिक और भाषाई धरोहर को बचाने की जरूरत पर जोर दिया तथा लोगों से आग्रह किया कि इसके लिए वैयक्तिक और सामूहिक स्तर पर प्रयास किए जाएं। उपराष्ट्रपति ने पिछले साल अक्टूबर में आयोजित सातवें विश्व तेलुगू साहित्य सम्मेलन पर आधारित एक पुस्तक का डिजिटल विमोचन किया। पुस्तक को गायक एसपी बालासुब्रमण्यम को समर्पित करते हुए इसके संपादकों, लेखकों और प्रकाशकों को बधाई देते हुए नायडू ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए ऐसी अनेक पहलों का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार नायडू ने कहा कि इंटरनेट और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उभरने से लोगों को भाषाओं के संरक्षण तथा विकास के नए अवसर मिलते हैं। उन्होंने इन प्रौद्योगिकियों के प्रभावी इस्तेमाल की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि जिस दिन हमारी भाषा भुला दी जाएगी, हमारी संस्कृति भी लुप्त हो जाएगी। हमारे प्राचीन साहित्य को युवाओं के करीब लाया जाना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

तीस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

गढ़मुक्तेश्वर। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान क्षेत्र के गांव इनायतपुर निवासी हरप्रीत पुत्र बिसना को 30 लीटर अवैघ कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की गई है। गढ कोतवाली प्रभारी रघुराज सिंह ने बताया यह जानकारी दी।

सड़क कार्य रुकवाकर किया प्रदर्शन

मोदीनगर। भोजपुर थाना क्षेत्र के अमराला जहांगीरपुर मोदीनगर संपर्क मार्ग पर सड़क निर्माण में घटिया सामाग्री लगाने और मानक के अनुरूप न बनाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने रविवार को सड़क का कार्य रुकवाकर प्रदर्शन किया। ग्राम प्रधान मोहरसिंह का कहना है कि करीब एक किलोमीटर लंबी इस सड़क का अमराला से लेकर दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे के अंडरपास तक किया जा रहा है। पहले यह सड़क चार मीटर चौड़ी थी लेकिन अब इसका तीन मीटर चौड़ी के हिसाब से निर्माण किया जा रहा है। इसी बात को लेकर ग्रामीण एकत्र होकर सड़क पर पहुंचे और कार्य रुकवाकर प्रदर्शन किया। ग्रामीण सुधीर चौधरी का कहना है कि इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई है।

चार पशु चोर गिरफ्तार

हापुड़। थाना बाबूगढ़ पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में घायल सहित चार शातिर पशु चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पशु चोरों के कब्जे तीन तमंचे,टाटा मैजिक,एक भैस व दो कटरे बरामद किये है। साथ ही घायल पशु चोर को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि चेकिंग अभियान में थाना बाबूगढ़ पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में घायल सहित चार शातिर पशु चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन तमंचे,टाटा मैजिक,एक भैस व दो कटरे बरामद किये है। साथ ही घायल पशु चोर सुधीर कुमार को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार पशु चोरों के नाम सुधीर कुमार मेरठ,अन्सार निवासी मोती कालोनी,आस मोहम्मद पुत्र उर्फ आसू हापुड़ व हसीन मेरठ है।

प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण व प्लाटिंग की भरमार

हापुड़ (एसएनबी)। जनपद में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की लाख कोशिशों के बावजूद प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण व प्लाटिंग धड़ल्ले से काटी जा रही है, जिससे सरकार को प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हानि हो रही है। अब प्राधिकरण जीआईएस मेपिंग के माध्यम से अवैध प्लाटिंग व निर्माणों के अंकुश लगाएं।

ज्ञात हो शहरी क्षेत्र में आवासीय व अनावासीय निर्माण करने के लिए हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराना होता है। इसकी जानकारी होने के बावजूद भी जनमानस प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराये बिना आवासीय व अनावासीय निर्माण के अलावा अवैध प्लाटिंग कर रहा है। जिससे सरकार को प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हानि हो रही है।

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर अवैध निर्माण व प्लाटिंग को सील व जेसीबी से ध्वस्त करा रहा है। इसके बावजूद भी लोग अवैध निर्माण व प्लाटिंग करके सरकार को चूना लगाने से बाज नहीं आ रहे है। अब प्राधिकरण अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ सख्त है।

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जीआईएस मेपिंग के माध्यम से अनाधि.त निर्माणों पर प्रभावी अंकुश लगाने की योजना बनाई जा रही है। जिसके लागू होने से राजस्व की हानि रुकेगी। और लोगों को निर्माण व प्लाटिंग कराने के लिए प्राधिकरण से मानचित्र स्वी.त कराना ही होगा।

कार का शीशा तोड़ आईपैड सहित अन्य सामान चोरी

नोएडा। कोतवाली एक्सप्रेस वे क्षेत्र में चोर एक सोसाइटी के पास खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर उसमें रखा एप्पल आईपैड सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर पीड़िता ने थाने में चोरी की शिकायत की है।ग्रेटर नोएडा बीटा-2 निवासी सुहानी महाजन बीते 20 अक्टूबर को अपनी कार लेकर एक्सप्रेस वे थाना क्षेत्र स्थित गोल्डन पाम सोसाइटी के पास किसी काम से गई थी। इस दौरान उन्होंने सोसाइटी के पास ही अपनी कार को खड़ा कर दिया और वहां से चली गई। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटी, तो देखा कि कार का शीशा टूटा हुआ था। इस दौरान चोरों ने उनकी कार में रखा एप्पल आईपैड, 2 ईयर फोन, जूते और कपड़े चोरी कर लिए। चोरी की जानकारी होने पर पीड़ितों ने एक्सप्रेसवे थाना पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नागरिक अधिकार समूहों ने जन व्याख्यान श्रृंखला शुरू की

नई दिल्ली, (भाषा)। नागरिक अधिकार संगठनों, शिक्षाविदों और कार्यकर्ताओं ने 'भारत की पुनर्कल्पना' नाम से जन व्याख्यान की श्रृंखला शुरू की है जिसके जरिये समाज की ऐसी रूपरेखा का पता लगाया जाएगा जो आजादी व बंधुत्व के संवैधानिक मूल्यों के प्रति अधिक "न्यासंगत, समान और जुड़ाव रखने वाली हो।"

यहां जारी संयुक्त बयान में कहा गया, "यह व्याख्यान श्रृंखला इस महीने शुरू हुई जो प्रख्यात बुद्धिजीवियों और नेताओं की प्रासंगिक थीम पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य देश को वैकल्पिक दृष्टिकोण देना है।" इस व्याख्यान श्रृंखला में सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज, फिल्मकार आनंद पटवर्धन, एनएफआईडब्ल्यू के महासचिव एन्नी राजा, लेखक अपूर्वानंद, सफाई कर्मचारी आंदोलन के राष्ट्रीय समन्वयक बेजवादा विल्सन और सीएसआईआर के पूर्व वैज्ञानिक गौहर रजा एवं अन्य कुछ प्रमुख हस्तियों के नाम हैं जो व्याख्यान देंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना
[illegible]
www.ireps.gov.in [illegible]
[illegible] 18.11.2021 [illegible]
[illegible] ₹2,23,350/ [illegible]
[illegible]
[illegible]

In exercise of Master Licensee rights granted by Shriram Skill and Education Ltd. (erstwhile Shriram New Horizon Ltd.) BPN Services India Pvt. Ltd. is establishing schools under the name "Shri Ram Global Pre-School" at the following locations: Essel Towers, M G Road, Near IFFCO Chowk, Sector 28, Gurugram, Haryana; Faiz Road, Karol Bagh, New Delhi; and F Block, TDI City, Panipat, Haryana

Arushi Gupta
Partner, Areness
304, 1/52, North Avenue Road,
Punjabi Bagh West,
New Delhi – 110026
Email: ipr@arenesslaw.com
(On behalf of
BPN Services India Pvt. Ltd.)

भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

नोएडा (एसएनबी)। महानगर भाजपा द्वारा रविवार को आयोजित कार्यक्रम में सेक्टर-35 स्थित भाजपा कार्यालय पर सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसमें से बड़ी संख्या अल्पसंख्यक समुदाय की थी। ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री रोहित चौधरी ने बताया कि रविवारको आयोजित कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष एहसान खान एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश पहलवान की मौजूदगी में अल्पसंख्यक समुदाय के सैकड़ों लोगों ने भाजपा कार्यालय सेक्टर-35 पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुहैल अख्तर ने बताया कि भाजपा से अल्पसंख्यकों को जोड़ने का सिलसिला चलता रहेगा। इस अवसर पर नरेंद्र पाल सिंह सह संयोजक भाजपा पश्चिम उत्तर प्रदेश विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में ऐमार हैदर, अनीस, अली हैदर, हुनैन हैदर, ईशान अब्बास, मासूम रज़ा, मोहम्मद मतीन, अमान हैदर, सदब अब्बास, सैफ़ रज़ा एवं सैकड़ों अन्य लोग शामिल रहे।

15 नवम्बर तक होगी सड़कों की मरम्मत

नोएडा (एसएनबी)। शहर में काफी जगह सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। कई जगह गढ्ढे हो गए हैं। अब इनको बेहतर बनाने के लिए प्राधिकरण ने तेजी से काम शुरू कर दिया है। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि 15 नवम्बर तक शहर में करीब 39 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत होगी। इनमें करीब तीन किलोमीटर हिस्से में गढ्ढे भरे जाएंगे।

यह रिपोर्ट नोएडा प्राधिकरण की ओर से शासन को भेजी गई है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि शासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नवंबर मध्य तक सड़कों की स्थिति कहीं भी खराब नहीं मिलनी चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि करीब छह महीने पहले शहर की सड़कों की स्थिति को लेकर सर्वे किया गया था। इसमें पाया गया कि करीब 14 किलोमीटर हिस्से में सड़कों पर गढ्ढे हैं। इसके अलावा 213 किलोमीटर हिस्से में सड़क की स्थिति खराब हो चुकी है, इसकी मरम्मत किए जाने की जरूरत है। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा करीब 11 किलोमीटर हिस्से में नए रूप से सड़क बननी है। अब इसमें से काफी काम कर लिया गया है। अगले 20 दिन में बचे काम को पूरा कर लिया जाएगा। 15 नवंबर तक 3 किलोमीटर हिस्से में बचे गढ्ढों व 36 किलोमीटर सड़क की मरम्मत व 4 किलोमीटर हिस्से में नए तरीके से पहली बार सड़क बनाई जाएगी। गौरतलब है कि शहर में मुख्य रूप से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे की मरम्मत का काम चल रहा है। इसके अलावा शहर के आंतरिक हिस्से में सड़कों की मरम्मत भी कराई जा रही है।

गोवा में आप और तृमूकां 'बस नाम के होंगे खिलाड़ी' : चिदंबरम

नई दिल्ली (भाषा)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) और तृणमूल कांग्रेस गोवा विधानसभा चुनाव में 'बस नाम के खिलाड़ी' रहेंगे और कांग्रेस ही भाजपा को हराने और अगली सरकार बनाने के लिए अच्छी स्थिति में है। गोवा में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चिदंबरम कांग्रेस के वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक हैं।

उन्होंने कहा, गोवा उन पांच राज्यों में से एक है, जहां अगले साल की शुरुआत में चुनाव होने वाले हैं। सभी राज्य समान रूप से महत्वपूर्ण हैं और उस दृष्टिकोण से गोवा भी महत्वपूर्ण है। कांग्रेस और गोवा के लोगों के बीच एक लंबा और विशेष संबंध रहा है। कांग्रेस यह जानती है कि गोवा, गोवा के लोगों का और गोवा की एक अनोखी जीवनशैली है। उन्होंने कहा, हम 2022 का चुनाव जीतने और कांग्रेस की सरकार बनाने के इरादे से चुनाव मैदान में उतर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी की तैयारी 'मजबूत और विधिवत' है।गोवा में कांग्रेस और भाजपा को मुख्य पार्टियां बताते हुए चिदंबरम ने कहा कि छोटी पार्टियों के साथ गठबंधन तभी संभव है, जब वे यह स्वीकार करें कि गैर भाजपा गठबंधन में कांग्रेस की केंद्रीय भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि अगर छोटी पार्टियों का गठबंधन के प्रति झुकाव हो तो उन्हें कुछ सीटें दी जा सकती हैं। हालांकि, वह किसी भी पार्टी के बारे में अनुमान नहीं लगा सकते। वहीं, गोवा में आम आदमी पार्टी (आप) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बारे में चिदंबरम ने कहा कि ये दोनों पार्टियां 2022 के चुनाव में बड़ी भूमिका नहीं निभाने जा रही हैं।

pnb Housing
Finance Limited
पंजीकृत कार्यालय : 9वां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110001
फोन नंबर : +91–11–23736857, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
नोएडा कार्यालय : भू तल, टी–2, सेक्टर–3, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201301,
लैंडलाइन – +7292015075, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
परिशिष्ट–IV–A
(नियम 8(6) का परंतुक देखें)
अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु सूचना
[illegible]
[illegible]
अचल सम्पत्ति
[illegible]
www.pnbhousing.com पर [illegible]
ज्ञात ऋणभार
[illegible]
स्थान : नोएडा, उत्तर प्रदेश (आशीष के. सिंह) प्राधिकृत अधिकारी,
तिथि : 22–10–2021 पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड